## सार-समाचार

### शारीरिक शिक्षक का रुपए भरा बैग चोरी

**जोधपुर**, (कासं)। बिलाड़ा कस्बे में बैंक से रुपए निकालकर लौट रहे एक शारीरिक शिक्षक के साथ दिनदहाड़े चोरी की वारदात हो गई। बैंक से महज कुछ दूरी पर शिक्षक की बाइक से चार लाख रुपए से भरा बैग अज्ञात युवक चुरा ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार लोहावट में पदस्थापित शारीरिक शिक्षक रावर की ढाणी निवासी थानाराम विश्नोई अपने परिवार में शादी के खर्च के लिए एसबीआई बिलाड़ा शाखा से अपनी राजस्व बीमा राशि के चार लाख रुपए निकालने पहुंचे थे। बैंक से रुपए निकालने के बाद थानाराम ने वह राशि एक बैग में रखकर अपनी दुपहिया वाहन पर लटकाई और घर की ओर रवाना हो गए। कुछ दूरी पर पहुंचने के बाद उन्हें संदेह हुआ। उन्होंने वाहन रोककर देखा, तो बैग गायब था। वापस बैंक पहुंचकर उन्होंने बैंक अधिकारियों को घटना से अवगत कराया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और बैंक परिसर व आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में एक युवक मोटरसाइकिल के साथ बैंक के पास संदिग्ध रूप से खड़ा नजर आया। जैसे ही थानाराम बैंक से बाहर निकले, युवक उनकी बाइक के सामने आया और शिक्षक को रुकना पड़ा। इसके कुछ ही क्षणों बाद एक अन्य युवक थानाराम की बाइक के पास जाकर बैग निकालता नजर आया। थानाराम की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अवैध शराब से भरा ट्रक पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं)। जिले के ओसियां क्षेत्र से गुजरने वाली भारत माला रोड पर आबकारी विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध शराब से भरा एक ट्रक पकड़ा है। ट्रक में से अवैध शराब के सात सौ कार्टन बरामद हुए हैं। शातिर तस्करपुराने कपड़ों की गांठों के नीचे छुपाकर विभिन्न ब्रांड की शराब तस्करी कर रहे थे। ओसियां के निकटवर्ती सिरमंडी पुलिया के पास आबकारी टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। आबकारी निरोधक दल (जोधपुर संभाग) के उपायुक्त अरविंद प्रताप सिंह ने बताया कि आबकारी विभाग को सोमवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पंजाब से गुजरात की ओर चंडीगढ़ निर्मित शराब से भरा एक ट्रक जा रहा है। पुख्ता सूचना के आधार पर उपायुक्त के साथ आबकारी अधिकारी हुकम सिंह सोढा की अगुवाई में संयुक्त टीम ने भारत माला रोड पर सिरमंडी पुलिया के पास नाकाबंदी की। चिन्हित ट्रक को रुकवाकर जब तलाशी ली गई, तो उसमें पुराने कपड़ों की गांठों के नीचे छुपाकर अवैध शराब के कार्टन रखे हुए पाए गए। ओसियां आबकारी थानाधिकारी घीसाराम चौधरी ने ट्रक चालक बायतु निवासी मूलाराम जाट को मौके से गिरफ्तार किया।

### जमीन विवाद में युवक की हत्या

**जोधपुर**, (कासं)। फलोदी में जमीनी विवाद को लेकर कुछ बदमाशों ने एक परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे एक युवक की मौत हो गई। वहीं दो महिलाओं सहित तीन लोग घायल हो गए। घटना जागरिया गांव की है। पुलिस ने बताया कि जागरिया गांव निवासी गनी खां परिवार के साथ खेत पर जा रहा था। इस दौरान जमीनी विवाद को लेकर पिकअप और मोटरसाइकिल पर सवार होकर कुछ लोग आए और परिवार पर लाठी-सरियों से हमला कर दिया। जिससे उसके बेटे सरवर हुसैन (19) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मां रेशमा (50), मामा पीरे खां और रूखसाना (33) घायल हो गए। हादसे के बाद घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर डीएसपी अचल सिंह देवडा और सीआई महेंद्र दत्त शर्मा पुलिस जाब्ते के साथ जिला अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। सरवर हुसैन परिवार के साथ खेती-बाड़ी का काम करता था।

### श्वान बचाने के फेर में स्कार्पियो पलटी

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के अशोक उद्यान-मारवाड़ अपार्टमेंट के सामने आज सुबह एक स्कार्पियो अनियंत्रित होकर पलटी खा गई। स्कार्पियो के सामने अचानक से एक श्वान आ गया। उसे बचाने के चक्कर में चालक ने टर्न लिया तब वह पलटी खा गई। हालांकि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। किसी प्रकार की कार्रवाई पुलिस में नहीं हुई है। बाद में के्रन बुला कर स्कार्पियो को सीधा करवा रवाना किया गया। चौहाबो थानाधिकारी ईश्वरचंद पारिक ने बताया कि सुबह एक स्कार्पियो का चालक गाड़ी लेकर अशोक उद्यान- मारवाड़ अपार्टमेंट के सामने 21 सेक्टर मोड़ पर पहुंचा तब संभवत एक श्वान अचानक से सामने आ गया जिसे बचाने के चक्कर में चालक ने गाड़ी को टर्न दिया तो वह पलटी खा गई। स्कार्पियो के चारों पहिए आसमां की तरफ हो गए। हालांकि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। चालक भी बाल- बाल बच गया। किसी प्रकार कार्रवाई पुलिस में नहीं करवाई गई है। बाद में क्रे न को बुलाकर गाड़ी को सीधा करवाया गया। चालक गाड़ी लेकर निकल गया।

### आंखों का शिविर संपन्न, 103 की जांच

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर के निकट वडवज में मंगलवार को एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किसान नेता व उप सरपंच रायपुर सुजान सिंह वडवज द्वारा निःशुल्क शिविर का आयोजन करवाया गया। जिसमें का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जांच शिविर में नेत्र चिकित्सक ट्विंकल 103 मरीजों को जांच की गई। उसमें से मोतियाबिंद के 18 मरीज निकले 7 मरीजों को सफल ऑपरेशन करने हेतु ग्लोबल हॉस्पिटल नेत्र संस्थान तलहटी आबूरोड भेजा गया। भामाशाह एवं किसान नेता सुजान सिंह वडवज एव ग्रामवासी और ग्लोबल हॉस्पिटल टीम की ओर से टीम प्रभारी प्रवीण सिंदल ,पिन्टू मेघवाल, फरजाना बानो, मेघा गोस्वामी ,अमरीन, निशा व ग्रामीण अनोपसिंह देवडा, नेनसिह देवडा, पृथ्वी सिंह जालमपुरा, प्रशासक सदस्य मनोहर सिह देवडा, हिर सिंह, पहाड सिह, जुआर सिंह, फोजसिंह, हिरा राम मेघवाल, नरपत मेघवाल सहित कई जने उपस्थित रहे। वडवज निम्बज, लालपुरा,कोल्हापुर, रायपुर , हिम्मतपुरा, अमरापुरा आर हडमतीया आदि गांवों के लोगों ने भाग लिया।

### ग्रीष्मावकाश खत्म होने पर खुले स्कूल

**जोधपुर**, (कासं)। लंबे ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद स्कूलों में एक बार फिर रौनक लौट आई है। करीब 45 दिन की छुट्टियों के बाद मंगलवार से शिक्षण सत्र 2025-26 की विधिवत शुरुआत हो गई। शहर के निजी व सरकारी स्कूल मंगलवार से खुल गए। इसके साथ ही स्कूलों में एक बार फिर से विद्यार्थियों की रौनक लौट आई है। मंगलवार से शिक्षण सत्र की शुरुआत के साथ ही उपस्थिति और शिक्षण कार्य भी शुरू हो गया है। ठाीष्मकाल के मद्देनजर स्कूलों का समय निर्धारित किया गया है। सरकारी स्कूलों में एक पारी का समय सुबह साढ़े सात से दोपहर एक बजे और दो पारी के स्कूल सुबह सुबह सात से शाम छह बजे तक किया गया है। इसमें प्रत्येक पारी साढ़े पांच घंटे की है।

### युवती परिजनों को बिना बताए गई

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर में एक युवती के घर से लापता हो जाने का मामला सामने आया है। लड़की परिजनों को बिना बताए घर से चली गए। इस संबंध में लड़की के परिजनों ने महामंदिर पुलिस थाने में रिपोर्ट दी है। प्राप्त जाारी के अनुसार जोधपुर के महामंदिर थाने में दी रिपोर्ट में लड़की के पिता ने बताया- सोमवार को उसकी 25 साल की बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई। परिजनों ने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन लड़की का अभी तक कहीं कोई पता नहीं लगा। फिलहाल परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और लड़की की तलाश में जुट गई है।

### अवैध डोडा पोस्त सहित एक गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं)। कमिश्नरेट की मथानिया पुलिस ने उम्मेद नगर चौराहा के पास में एक संदिज्ध व्यक्ति से अवैध डोडापोस्त बरामद उसे एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया। आरोपी से 962 ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद हुआ है। मथानिया थानाधिकारी जयकिशन सोनी सोमवार को गश्त पर थे। तब उम्मेद नगर चौराहा के पास में एक संदिज्ध व्यक्ति दिखाई दिया। उसको पकड़ कर तलाशी ली तो उसके पास 962 ग्राम अवैध डोडा पोस्त मिला। इस पर आरोपी भैसेर कुतड़ी मथानिया निवासी भगाराम पुत्र जेठाराम को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया गया।

### शादी का झांसा देकर रेप का मामला

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर के बनाड़ थाने में महिला ने शादी का झांसा देकर रेप करने का मामला दर्ज करवाया है। आरोप है कि शादी करने का वादा करके आरोपी ने रेप किया था। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी हुई है। थाने में दी रिपोर्ट में महिला ने बताया कि आरोपी से उसकी जान-पहचान के बाद उसने शादी करने का वादा किया। शादी का झांसा देकर रेप किया। इसके बाद आरोपी शादी से मुकर गया। ऐसे में परेशान होकर पीड़िता बनाड़ थाने पहुंची और मामला दर्ज करवाया।

# 23 ग्राम पंचायतों में अंत्योदय संबल पखवाड़े के शिविर लगे

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 24 जून से 9 जुलाई तक चलाए जा रहे पं.दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान मंगलवार को 23 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाकर ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांन्वित किया गया।

पखवाड़े के दौरान मंगलवार को जालोर उपखण्ड की सिवणा व रायपुरिया, आहोर उपखण्ड की शंखवाली, चान्दराई व पादरली, बागोड़ा उपखण्ड की राउता व नया मोरसीम, सायला उपखण्ड की पांथेड़ी, पोषणा व देताकलां, भीनमाल उपखण्ड की दांतीवास व जुंजाणी, जसवंतपुरा उपखण्ड की राजपुरा व तातोल, रानीवाड़ा उपखण्ड की रामपुरा, बड़गांव व बामनवाड़ा, चितलवाना उपखण्ड की भीमगुड़ा, डूंगरी व सिपाहियों की ढाणी तथा सांचौर उपखण्ड की राजीव नगर, धमाणा व डांगरा ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों के दौरान लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरण का निस्तारण, स्वामित्व पट्टों का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफ़एसए) के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण एवं नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों की आधार सीडिंग के कार्य किए गए। वही रास्तों व जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाने और कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण, बिजली विभाग द्वारा झूलते तारों को खिंचवाने व विद्युत पोल समस्याओं का निस्तारण और वन विभाग द्वारा हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत पौधा वितरण किया गया। शिविरों में राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ऊर्जा, जलदाय, कृषि, वन, खाद्य, स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, सामाजिक न्याय व अन्य विभागों की जनोपयोगी सेवाओं से ग्रामीणों को लाभांवित किया गया।

पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े के दौरान जसवंतपुरा पंचायत समिति की तातोल ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में तातोल ग्राम निवासी सटी देवी पत्नी समेलाराम देवासी को आवासीय मकान का पट्टा प्रदान किया गया। सटी देवी ने कुछ समय पहले अपने आवसीय मकान का पट्टा बनाने के लिए आवेदन ग्राम पंचायत में पेश किया गया था। ग्राम पंचायत द्वारा मंगलवार को आयोजित शिविर में पट्टा जारी कर सटी देवी को प्रदान किया गया। सटी देवी को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत शौचालय निर्माण व पशुपालन विभाग की योजनाओं सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत 2 जुलाई को जालोर उपखण्ड की मेडा उपरला व दीगांव, आहोर उपखण्ड की सेदरिया बालोतान, पावटा, उम्मेदपुर व बिठूडा, बागोड़ा उपखण्ड की बाली व लाखणी, सायला उपखण्ड की ओटवाला, रेवतड़ा व उनड़ी, भीनमाल उपखण्ड की पुनासा व निम्बावास, जसवंतपुरा उपखण्ड की गजीपुरा व तवाव, रानीवाड़ा उपखण्ड की सिलासन, मालवाड़ा व आखराड़, चितलवाना उपखण्ड की डावल, परावा व आकोली तथा सांचौर उपखण्ड की नानोल, धानता, कारोला व हाडेतर ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

**पाली संवाददाता के अनुसार :** राज्य सरकार द्वारा आमजन को लाभान्वित करने के उदेश्य से चलाये जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे आमजन के अनेक काम हो रहे है।

इस क्रम में 2 जुलाई को बाली के कोयलवाव, कूरण, नाना व रामपुरा, देसूरी के बागोल व मरगतलाव, मारवाड़ जंक्शन के गुडा केसरसिंह, गुडा रामसिंह, गादाणा व रड़ावास, पाली के टेवाली व दयालपुरा, रानी के वरकाणा, बिजोवा व सालरिया, रोहट के माण्डावास व राणा, सोजत के बिलावास, रूपावास, गुगुड़ा एवं सुमेरपुर क्षेत्र के चाणोद व देवतरा में शिविर आयोजित होंगे।

# दसवीं में 42 में से 30 छात्र फेल, ग्रामीणों में रोष

**जोधपुर**, (कासं)। नए शिक्षा सत्र के पहले दिन ही जोधपुर जिले के भोपालगढ़ के देवातड़ा गांव में पीएम श्री विद्यालय पर लोगों ने ताला जड़ दिया। लोग इस बात से नाराज हैं कि हाल ही में आए दसवीं के परिणाम में 42 में 30 छात्र फेल हो गए। ऐसे में ग्रामीण यहां के स्टाफ को हटाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि पूरे ब्लॉक में एक स्कूल ही पीएम श्री विद्यालय ग्रुप में चयनित है, जहां सभी तरह की सुविधा और पूरा स्टाफ है। उनका आरोप है कि अध्यापकों के लापरवाही से परिणाम सही नहीं आए।

सरपंच लालसिंह ने बताया कि परिणाम आने के बाद ही उन्होंने शिक्षा विभाग के सामने इसको लेकर आपत्ति जताई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि अध्यापक समय पर नहीं आते हैं। बच्चों पर ध्यान नहीं देते हैं, जिसके चलते परिणाम खराब हुआ है। ऐसे में उनको हटाने की मांग की, लेकिन विभाग ने इनको नहीं हटाया। इसके विरोध में ग्रामीणों ने स्कूल के सामने धरना दिया। इसकी जानकारी मिलने के बाद ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अल्पुराम टाक ने जिला मुख्यालय पर इसकी सूचना दी। उन्होंने बताया कि परिणाम न्यून रहने पर प्रिंसिपल को नोटिस दिया जा चुका है।

जानकारी के अनुसार पीएम श्री योजना के तहत चयनित स्कूलों को अत्याधुनिक सुविधाएं, स्मार्ट क्लास, विज्ञान प्रयोगशालाएं, कंप्यूटर लैब और प्रशिक्षित स्टाफ जैसी सुविधाएं दी जाती हैं। देवातड़ा स्कूल में प्रधानाचार्या सहित सभी विषयों के वरिष्ठ अध्यापक पदस्थ हैं और कोई भी शिक्षक प्रतिनियुक्ति पर नहीं है। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की ओर से आयोजित दसवीं बोर्ड परीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के एकमात्र पीएम श्री स्कूल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवातड़ा का परीक्षा परिणाम बेहद कम रहा है।

इस स्कूल से दसवीं कक्षा में कुल 42 विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए थे, जिनमें से चार को प्रथम श्रेणी आई है। इनमें भी दो छात्रों के ग्रेस मार्क्स आए हैं। वहीं, एक छात्र सेकंड डिवीजन बाइ ग्रेस, 3 थर्ड डिवीजन बाइ ग्रेस और चार छात्रों के सप्लीमेंट्री आई है। वहीं, एक साथ 30 विद्यार्थी फेल हुए थे, जिसका विरोध हो रहा है।

## मोहन पाराशर के कार्य सराहे

**जालोर**, (कासं)। रोटरी इंटरनेशनल प्रांत 3055 पश्चिमी राजस्थान ओर गुजरात अहमदाबाद, उत्तर गुजरात एवं कच्छ के प्रांतपाल 2024-25 मोहन पाराशर का कार्यकाल 30 जून, 2025 को समाप्त हुआ। समापन आभार और पुरस्कार समारोह में पूरे प्रांत के 525 सदस्यों ने भाग लिया।

जालोर रोटरी क्लब अध्यक्ष संजय सुन्देशा ने बताया कि इनके पुरस्कार समारोह में जालोर क्लब के प्रांतीय सचिव कानाराम परमार, प्रांतीय कोषाध्यक्ष एन के जैथलिया, आगामी नवीन अध्यक्ष विनीता ओझा, सचिव मंजू चौधरी, डूंगरसिंह, रमेश जैन तीखी, डॉ. पवन ओझा, शरद अग्रवाल, दिनेश सुन्देशा, सपना बजाज, नितीन सोलंकी आदि कई सदस्यों ने भाग लिया। क्लब के साथ अध्यक्ष संजय सुन्देशा, जिशान अली, कानाराम परमार, एन. के. जैथलिया, सदस्यों को प्रांतीय स्तर पर कार्यो के लिए सम्मानित किया गया।

## मुख्यमंत्री के दौरे पर चर्चा की

**बालोतरा**, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के ०5 जुलाई को प्रस्तावित पादरू दौरे को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव ने मंगलवार को संबंधित अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक कर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की और सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में यादव ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दौरे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, प्रोटोकॉल पालन पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलैक्टर डॉ. गुंजन सोनी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भवनेश्वर सिंह चौहान, उपखण्ड अधिकारी सुरेंद्र सिंह खंगारोत, पुलिस उपाधीक्षक सुशील मान, भरत ओसवाल समेत कई जने उपस्थित रहे।

# अवैध डोडा पोस्त बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

**जालोर**, (का.सं.)। जालोर जिले के सांचौर पुलिस ने मंगलवार को अलग-अलग तीन कार्यवाही कर अवैध पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब कुल 80 कार्टन एवं अवैध शराब परिवहन में प्रयुक्त वाहन पिकअप टोला को जब्त किया। द्वितीय कार्यवाही में अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त 17.380 किलोग्राम व अवैध मादक पदार्थ के परिवहन में प्रयुक्त दो मोटरसाईकिल जब्त कर तीन आरोपियों को किया गिरफतार किया तथा तृतीय कार्यवाही में एक इनोवा क्रिस्टा कार को जब्त कर जब्तशुदा अवैध शराब/डोडा पोस्त एवं वाहनो की अनुमानित कीमत करीब 35 लाख रुपए आंकी गई है

सांचौर थानाधिकारी देवेन्द्रसिह के नेतृत्व में समय-समय पर दबीश दी जाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने बी ढाणी सांचौर में आये हुए हजारीराम पुत्र धीमाराम जाति बिश्नोई निवासी बी ढाणी सांचौर के रहवासी मकान के पास खेत में दबीश दी जाकर एक बोलेरो पिकअप गाडी में भरे हुए अंग्रेजी शराब के कुल 80 कार्टन शराब पंजाब निर्मित जब्त कर अज्ञात मुलजिमान के विरुद्व प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर अनुसंधान शुरू किया है।

वही दूसरी कार्यवाही में थानाधिकारी देवेन्द्रसिंह मय जाब्ता द्वारा प्राप्त ईतलानुसार बी ढाणी सांचौर में श्रीराम पुत्र कालुराम जाति विश्नोई (धायल) उम्र 35 साल निवासी बी ढाणी पुलिस थाना सांचोर , कल्पेश पुत्र मनोहरलाल जाति विश्नोई (सारण) उम्र 22 साल निवासी बी ढाणी पुलिस थाना सांचोर व महेश विश्नोई पुत्र श्री रामकिशन जाति विश्नोई(सारण) उम्र 25 साल निवासी बी ढाणी सांचोर पुलिस थाना सांचोर के कब्जे से 17.380 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त व अवैध मादक पदार्थ के परिवहन में प्रयुक्त दो मोटरसाईकिल को जब्त किया जाकर मुलजिमान के विरूद्ध अनुसंधान शुरू किया गया है।

# पुलिस की छह प्रतिष्ठानों पर रेड, बाल श्रमिक मुक्त

**जोधपुर**, (कासं)। कमिश्नरेट पुलिस ने बालश्रम के विरूद्ध अभियान चलाकर कई स्थानों पर रेड दी। जिला पूर्व एवं पश्चिम में छह प्रतिष्ठानों से बालश्रमिकों को मुक्त करवा सुधार गृह में दाखिल करवाया गया।

पुलिस आयुक्त राजेंद्र सिंह के आदेशानुसार जिला पूर्व एवं पश्चिम की पुलिस ने बालश्रम के विरूद्ध कार्रवाइयां की। छह बाल श्रमिकों का मुक्त करवाया गया। बासनी थाने के एएसआई पप्पाराम ने सांगरिया रिको इंडस्ट्रीयल एरिया में स्थित एच -2- 293 में स्थित हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री दबिश दी तो मौके पर बाल श्रमिक से इलेक्ट्रोनिक मशीनों पर कार्य करते पाए जाने पर उन्हें मुक्त करवाया गया। पुलिस ने संचालक मो. शरीफ के खिलाफ जेजे एक्ट में प्रकरण दर्ज किया। इसी तरह सरदारपुरा थाने के एसआई दीपलाल ने दूसरी चौपासनी रोड पर स्थित पुसाराम की टायर कटिंग की दुकान पर बालक श्रम करते मिला। जिस पर संचालक मिरासी कॉलोनी महामंदिर रेलवे स्टेशन के सामने रहने वाले टीकमचंद पुत्र पूसाराम के खिलाफ केस दर्ज किया गया। वहीं शास्त्री नगर थाने के एसआई शैतान चौधरी मिल्कमैन कॉलोनी में दुकान पर नाबालिग को बाल श्रम करा कर शोषण करते पाये जाने पर दुकानदार प्रदीप पुत्र मूलचंद सिंधी के खिलाफ जेजे एक्ट में मुकदमा दर्ज किया। जबकि प्रतापनगर थाने के एसआई मनोज कुमार ने कायलाना चौराहा के पास वर्कशोप चलाने वाले शाहरूख पुत्र मो. शरीफ के खिलाफ केस बनाया।

देवनगर थाने के एसआई चमनाराम ने कुम्हारों की बगीची बाबा रामदेव रोड मसूरिया क्षेत्र में दुकान से एक बाल श्रमिक को मुक्त करवा सांखलों का बास शास्त्रीनगर निवासी महेश पुत्र प्रेमराज सांखला के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

इसी प्रकार कुड़ी भगतासनी थाने के एएसआई महादेव ने शताब्दी सर्कल के पास भगवान बंजारा पत्र तेजाराम बंजारा भाट के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बाल श्रमिक को मुक्त कराया।

## बुटड़ी बांध अनदेखी का शिकार

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर उपखण्ड मुख्यालय से तकरीबन 25 मील कि दूरी पर स्थित बुटडी गांव का बांध फिलहाल अपने काफी विकट दौर से गुजर रहा है।

कई दशकों पूर्व बने इस बांध की मोरी पर आने-जाने वाले के रास्ते की दुर्गति व मार्ग पानी से भरे गहरे गड्ढों तथा झाड़ियों से अटा पड़ा है। गांव के युवा शिक्षित छैल सिंह बूटडी ने बताया कि पूर्व में भी राजस्थान संपर्क पोर्टल व विभाग को उनके द्वारा चिठ्ठी लिखी गई। तथा परिवाद दर्ज करवाये गये पर सिंचाई विभाग इस पर कोई ध्यान नही दे रहा है। जिसके चलते यह बूटडी बांध अपने मूलभूत ऐतिहासिक अस्तित्व को धीरे धीरे खोने की कगार पर है। ग्रामीणों ने बताया कि इस बांध की नहर बूटडी गांव के बीच में से गुजरने से हर समय जान माल की हानि होती रहती है।

## चिकित्सकों का सम्मान

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान पेंशनर समाज संस्थान जालोर की ओर से मंगलवार को सामान्य चिकित्सालय जालोर में डॉक्टर्स डे के अवसर पर चिकित्सालय के डॉक्टर्स का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर पीएमओ डॉ.वेद प्रकाश मीणा ,उप नियंत्रक डॉ.कमलेश कुमार मीणा डॉ. रामेश्वरलाल सुथार, डॉ.गजानंद शर्मा डॉ .सुनीता मीणा डॉ. विकास काला ,डॉ. रमेश चौधरी, डॉ.धर्मेन्द्र चौधरी,डॉ.विजय चौधरी, डॉ.विजय मीणा, डॉ.गोवर्धन सिंह, डॉ.स्वरूप सुथार डॉ. आनंद भट्ट का माला, शाल और पेन भेट कर मुंह मीठा करवाया गया।

इस अवसर पर पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष धनराज दवे , सचिव बद्रीदास,कोषाध्यक्ष मधुर श्याम गुप्ता, प्रेम सिंह चंपावत, गोविन्द सिंह मंडलावत,भीमाराम माली, पुखसिंह भाटी, विवेक प्रसाद दाधीच ,मिश्रीमल गर्ग नारायण सिंह राजपुरोहित ,उम्मेद सिंह चारण, मोहनलाल गुर्जर ,अबरार अली सहित अन्य पेंशनरों ने डॉक्टर्स का बहुमान किया।

पेंशनर्स समाज की ओर से चिकित्सालय से सेवानिवृत डॉ, वल्लभ भंडारी डॉ. हेमंत जैन का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान ने किया।

## पंजाब के राज्यपाल कटारिया नाकोड़ा पहुंचे

**जालोर**, (कासं)। पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया सोमवार को नाकोडा तीर्थ के दर्शन किए।

पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया उनकी धर्मपत्नी अनीता कटारिया सोमवार को नाकोडा तीर्थ पर पहुंचे । उन्होंने तीर्थ स्थल पर विधिवत दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। दर्शन के उपरांत भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी व नाकोडा ट्रस्ट की ओर से गुलाबचंद कटारिया का पारंपरिक रूप से माला, साफा पहनाकर एवं मोमेंटो भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने तीर्थ परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने नशा मुक्ति पंपलेट का अनावरण भी किया तथा उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर राज्य के उद्योग मंत्री के. के. बिश्नोई, विधायक ताराचंद जैन, सिवाना विधायक हमीरसिंह भायल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी, चौहटन विधायक आदाराम मेघवाल सहित काफी लोग उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### तीन परिवारों को मिले आवासीय पट्टे

**बालोतरा**, (निसं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा ग्रामीणों के लिए आशा की किरण बनकर सामने आ रहा है। मंगलवार को पंचायत समिति बायतु की ग्राम पंचायत अकदडा में आयोजित शिविर में तीन परिवारों अणसी देवी, मोतीगिरी और कमला देवी को उनके वर्षों पुराने आवासीय पट्टे का इंतजार खत्म हुआ। इन परिवारों को मौके पर ही उनके आवासीय पट्टे वितरित किए गए, जिससे उनके अपने घर का सपना साकार हुआ और उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। इन तीनों परिवारों ने शिविर में आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनके घर आबादी भूमि में बने हुए हैं, लेकिन उनके पास कोई वैध आवासीय पट्टा नहीं है। यह समस्या उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने और अपनी संपत्ति पर कानूनी हक स्थापित करने में बाधा बन रही थी। ग्राम पंचायत अकदडा में आयोजित इस शिविर में त्वरित कार्रवाई करते हुए, पंचायत समिति बायतु के विकास अधिकारी हिमांशु चौधरी ने उनके आवेदन स्वीकार करवाए। इसके बाद सरपंच ग्राम पंचायत अकदडा और ग्राम पंचायत कमेटी ने तुरंत स्थल निरीक्षण किया और सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए शविर में ही तीनों प्रार्थियों को आवासीय पट्टे वितरित कर दिए। आवासीय पट्टे प्राप्त होने पर लाभार्थियों ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडा वास्तव में गरीबों और जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

### चार्टर्ड अकाउंटेंट्स व डॉक्टर्स का सम्मान

**जालोर**, (कासं)। जालोर में लायंस क्लब की ओर से सीए डे और डॉक्टर डे के अवसर पर एक विशेष कार्यकम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और डॉक्टर्स को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए लायंस क्लब की ओर से सम्मानित किया गया। सेक्रेटरी लायन रक्षित माथुर ने बताया कि कार्यक्रम में लायन कालू राज मेहता, लायन दीपेश सिद्धावत, लायन राकेश भंसाली, लायन संजय जैतालिया, विजय मोदी, लायन श्याम सुंदर गोयल, लायन र क्क शर्मा, लायन लक्ष्मीनारायण ने भाग लिया और उन्होंने अपने अनुभव साझा किए। इस मौके पर सम्मानित व्यक्तियों को प्रमाणपत्र दिए गए, जो उनके पेशे में उत्कृष्टता और समाज में उनके योगदान की सराहना स्वरुप दिये गये। लायंस क्लब के सदस्यों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में पेशेवरों के योगदान को सराहने का एक शानदार तरीका है। इस अवसर पर लायंस क्लब ने डॉक्टर पीएमओं वीपी मीणा, डॉक्टर कमलेश मीणा, डॉ गजानंद शर्मा, डॉक्टर धर्मेंद्र चौधरी, डॉक्टर स्वरूप चंद्र सुथार, डॉक्टर विकास कला, डॉ विजय चौधरी, डॉक्टर विजय मीणा, डॉक्टर नरेंद्र आचार्य, डॉ प्रकाश बिश्नोई, डॉ ओम प्यारी शर्मा, डॉ आनंद एवं संजय सुथार को सम्मानित किया गया।

### प्रतिभा खोज प्रशिक्षण शिविर का समापन

**जालोर**, (कासं)। जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र की ओर से आयोजित जिला स्तरीय प्रतिभा खोज ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह स्टेडियम परिसर स्थित बहुउद्देशीय हॉल में समारोहपूर्वक सम्पन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे उपस्थित रहे। समापन समारोह में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित किया। जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र के प्रभारी इमरान खान ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतिभा खोज ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों जिनमें बास्केटबॉल में खुशालसिंह गुर्जर, क्रिकेट में अभिषेक, वुशु में अभिषेक शर्मा, एथलेटिक्स में निष्ठा चौधरी व फुटबॉल में नेतिक का चयन किया गया। शिविर में खिलाड़ियों के कौशल विकास के साथ ही प्रतिभावान युवाओं को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित प्रदान की गई। समापन समारोह में मूनसिंह राठौड़, जोगसिंह राठौड़, फिरोज खान, छवि चौधरी, दिग्विजय सिंह, राहुल, महावीर सैन, केशाराम सहित विभिन्न खेलों के कोच व कार्मिक उपस्थित रहे।

### सांवल कॉलोनी की मागें बताई

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। स्थानीय लक्ष्मीचंद सांवल कॉलोनी की विकास समिति के पदाधिकारियों ने विधायक छोटूसिंह भाटी के कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन दिया। समिति सचिव खेताराम सुथार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ज्ञापन में कॉलोनी में बिजली, पेयजल, रोड लाइट, सफाई व्यवस्था,सीवरेज लाइन जैसी मूलभूत सुविधा दिलाने की मांग रखी। विधायक द्वारा सीवरेज के लिए राज्य सरकार से मांग करके कार्य शीघ्र करवाने का आश्वासन दिया । इस अवसर पर समिति अध्यक्ष महेश वाशु, सचिव खेताराम सुथार, कोषाध्यक्ष बाबूलाल लीलावत, पीराराम प्रजापत, पूनमसिंह डूजासर उपस्थित रहे।

### डॉ. कैलाश परिहार बांगड़ के नए अधीक्षक

**पाली**, (नि.सं.)। डॉक्टर कैलाश बांगड़ हॉस्पिटल के नए अधीक्षक होंगे। पूर्व अधीक्षक एच ए म चौधरी के सेवानिवृत होने के बाद परियार को अधीक्षक नियुक्त किया गया। मेडिकल कॉलेज पाली के प्रिंसिपल दिलीपसिंह चौहान ने आदेश जारी कर यह जानकारी दी।

### चार्टर्ड अकाउंटेंट डे मनाया

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान के 77 वर्ष पूर्ण होने पर जैसलमेर सी ए चैप्टर के सदस्यों ने चार्टर्ड अकाउंटेंट डे मनाया। चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान जैसलमेर के समन्वयक सी. ए प्रमोद भाटिया ने बताया कि तुलसी गौशाला गौमाता को हरा घास, गुड, चुरी की सेवा की।

# अवैध डोडा पोस्त परिवहन करने के दो आरोपी को पांच साल का कारावास

**जालोर**, (कासं)। जिला एवं सत्र न्यायाधीश जालोर हारून ने तीस किलो अवैध डोडा पोस्त परिवहन करने के दो आरोपियों को पांच साल के कारावास की सजा सुनाई।

लोक अभियोजक ओमप्रकाश व्यास ने बताया कि पुलिस थाना सायला को 25 अक्टूबर 2018 अवैध डोडा पोस्त के परिवहन की मुखबीर से सूचना मिलने पर थानाधिकारी मय पुलिस जाब्ता के सिराणा से भाटा जाने वाले गांव की ओर नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान चोचवा फांटा हाईवे सडक से भाटा गांव को जाने वाली ग्रेवल सडक की ओर से एक बोलेरा गाडी आती दिखाई दी। जिसे पुलिस जाब्ता ने रोकने का इशारा किया तो पुलिस को देखकर बोलेरा चालक गाडी को भागने पीछा करने पर बोलेरा गाडी मोडसिंह के बेरा सिराणा स्कूल के सामने पंचर होने पर गति धीमी होने पर पुलिस को रूकवाकर पकडा । चालक को उसका नाम पुछा तो उसने अपना नाम कवराराम पुत्र ईषराराम निवासी भूका भगतसिंह सिणधरी व पास की सीट पर बैठे व्यक्ति ने नाम लिखमाराम पुत्र भेराराम निवासी सिराणा सायला बताया। गाडी भगाने का कारण पुछने पर बताया कि उनके वाहन में अवैध डोडा पोस्त होने से भाग रहे थे। पुलिस ने बोलेरो गाडी की तलाष लेने पर उसमें दो कटटो में करीब तीस किलो अवैध डोडा पोस्त भरा पाया गया । पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर बाद अनुसंधान आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया गया। सैंषन न्यायाधीश जालोर हारून ने कवराराम व लिखमाराम को अवैध डोडा पोस्त परिवहन करने का दोषी मानते हुए दोनो को पांच - पांच साल के कारावास की सजा सुनाई। सरकार की ओर से पैरवी लोक अभियोजक ओमप्रकाश व्यास ने की।

## विशेष शिविर 3 से

**जालोर**, (कासं)। शिक्षा विभाग की कार्ययोजना अनुसार विद्यार्थियों के आधार एनरोलमेंट व अनिवार्य बायोमेट्रिक अद्यतन के लिए 78 ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर पीईईओ विद्यालय में 3 से 11 जुलाई तक आधार के विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। समग्र शिक्षा के अति. जिला परियोजना समन्वयक ईश्वरसिंह ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की।


कार्यालय नगर परिषद् जैसलमेर (राज). 345001

क्रमांक/भूमि/2025-26/794 दिनांक-26/06/2025

-: प्रसारित नोटिस उजरदारी :-

श्री सागराराम पुत्र श्री उमाराम जाति मेघवाल निवासी 27, मेघवालों की बस्ती, रीवडी जिला जैसलमेर द्वारा एक आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या बी - 182 साईज 4 गुणा 10 मीटर कुल क्षेत्रफल 45 वर्गमीटर वाके गोवर्द्धनदास कल्ला आवासीय योजना जैसलमेर जो की श्री गणपतराम पुत्र श्री मेहराजराम जाति सुथार निवासी ग्राम मुलाना तहसील फतेहगढ जिला जैसलमेर से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय - पत्र से क्रय किया गया है । उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री सागराराम पुत्र श्री उमाराम जाति मेघवाल निवासी 27 मेघवालो की बस्ती, रीवडी जिला जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहते है । अतः इस सम्बन्ध मे किसी व्यक्ति/ पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नही होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी । सूचित रहे

आयुक्त, नगर परिषद जैसलमेर